# FACTSHEET

**यह तथ्य पत्रक केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए है।** कृपया अपने डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों से सलाह-मशवरा करके यह सुनिश्चित करें कि यह सूचना आपकी संतान के लिए सही है। यदि आप इस तथ्य पत्रक पर फीडबैक प्रदान करना चाहते/ती हैं, तो कृपया यह वेबसाइट देखें: **https://www.schn.health.nsw.gov.au/fact-sheets/feedback-form**

## इनवेसिव ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकल रोग – तथ्य पत्रक

इनवेसिव ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस (iGAS) बच्चों में विभिन्न प्रकार के हल्के और गंभीर रोग पैदा कर सकता है। इस रोग को पैदा करने के लिए जो बैक्टीरिया (जीवाणु) जिम्मेदार होता है, उसे स्ट्रेप्टोकोकस प्योजीनिस (जिसे Strep A भी कहते हैं) कहते हैं।

### परिचय

Strep A संक्रमण निम्नलिखित स्थितियों में किसी संक्रमित व्यक्ति की सांस से आने वाली बूंदों द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति में फैलता है:

- उसके छींकने से
- उसके खांसने से
- उसके चूमने से
- उसके प्रत्यक्ष संपर्क से (Strep A संक्रमण से ग्रस्त व्यक्ति की त्वचा को छूने से)

कुछ लोगों के गले या उनकी त्वचा पर Strep A बैक्टीरिया होता है और उनमें कोई लक्षण होते हैं, परन्तु वे दूसरों को संक्रमित कर सकते हैं।

बच्चे गले (स्ट्रेप थ्रोट) या त्वचा के घावों (इम्पेटिगो) के Strep A संक्रमण का अनुभव कर सकते हैं। यदि शुरू में ही इसकी पहचान कर ली जाती है और इसका इलाज कर लिया जाता है, तो गंभीर संक्रमण और जटिलताओं की रोकथाम की जा सकती है।

परन्तु, यदि इसका इलाज नहीं किया जाता है, तो बच्चों की छोटी संख्या में रूमेटिक फीवर (वातज्वर) विकसित हो सकता है जिसके कारण निम्नलिखित समस्याएँ हो सकती हैं:

- पीड़ादायक और सूजे जोड़
- हृदय वाल्व संबंधी समस्याएँ (आमवाती हृदय रोग)

Strep A शरीर के अन्य भागों में फैलकर गंभीर या इनवेसिव (आक्रामक) रोग (iGAS) पैदा कर सकता है जैसे कि:

- रक्त प्रवाह (सेप्सिस / बैक्टेरिमिया)
- फेफड़े (निमोनिया)
- हड्डियाँ (अस्थिकोप)
- जोड़ (सेप्टिक गठिया)
- हृदय (पेरिकार्डिटिस)

इससे बच्चों की बहुत छोटी संख्या में त्वचा को खाने वाला रोग (necrotising fasciitis) या एक से अधिक अंगों का काम करना बंद करने की समस्या हो सकती है। iGAS से ग्रस्त बच्चों की मृत्यु दर 2% से लेकर 8% है, और लंबी अवधि की विकलांगता 3% से 8% बच्चों को प्रभावित करती है।

### संकेत और लक्षण

इस बात पर निर्भर करते हुए संकेत और लक्षण अलग-अलग होते हैं कि शरीर का कौन सा भाग संक्रमित हुआ है। **जैसे ही आपको गंभीर लक्षण दिखाई दें या हल्के लक्षण बिगड़ने लग जाएँ, आपको अपनी संतान को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।**

संकेतों और लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- बुखार
- कंपन और/या पसीना आना
- लाल, गर्म, दर्दनाक त्वचा के घाव जो तेजी से फैलते हैं - इनमें पपड़ी हो सकती है या पस (मवाद) पैदा हो सकता है
- लाल, धूप से झुलसने से होने वाले लाल चकते जैसे दाने (स्कारलेट फीवर रैश)
- चक्कर आना या हल्कापन
- सिरदर्द और/या गर्दन में अकड़न
- गले में खराश
- सांस लेने में परेशानी और/या सीने में दर्द
- उबकाई, उल्टी आना, पेट में दर्द
- थकावट (थकान)
- मांसपेशियों में दर्द और नरमी

The Sydney children's Hospitals Network
care, advocacy, research, education

**This document was last reviewed on 12 January 2023**
© Sydney Children's Hospitals Network.

## रोग-निदान

**Strep A से ग्रस्त बच्चा/बच्ची 12 से 24 घंटों के भीतर बहुत बीमार पड़ सकता है।**

Strep A की सही तरीके से की पहचान करने के लिए, डॉक्टर को बच्चे/बच्ची का परीक्षण करने की ज़रूरत होगी और वे त्वचा या गले जैसे भागों से रक्त और अन्य नमूने ले सकते हैं। ये नमूने बैक्टीरिया के परीक्षण और पहचान के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाते हैं।

## इलाज

Strep A संक्रमणों का इलाज आम-तौर पर एंटीबॉयोटिक्स के साथ किया जाता है।

आपको अपनी संतान को उसके इलाज का पहला दिन पूरा करने तक आइसोलेट करना (दूसरों से अलग रखना) होगा ताकि दूसरों को संक्रमण फैलने की रोकथाम की जा सके। सामान्यत:, बीमार बच्चों को दूसरों से तब तक दूर रखने से जब तक कि वे बेहतर महसूस नहीं करते हैं, समुदाय में संक्रमण फैलने को कम करने में सहायता मिल सकती है।

**गंभीर संक्रमणों के मामले में बच्चे/बच्ची को देखभाल और निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होगी। माता-पिता/देखभालकर्ता या अन्य घरेलू संपर्कों को भी इस मामले में एंटीबॉयोटिक्स लेने की सलाह दी जा सकती है।**

## सामान्यत: पूछे जाने वाले सवाल

### खतरा किसे होता है?

जिन लोगों को Strep A संक्रमण या संक्रमण के पश्चात जटिलताओं का अधिक खतरा होता है, उनमें शामिल हैं:

- शिशु और छोटे बच्चे विशेषकर एक साल से कम आयु वाले शिशु
- इनवेसिव Strep A संक्रमण से ग्रस्त माताओं के नवजात शिशु
- वे बच्चे जिन्होंने हाल ही में सदमे या जलन का अनुभव किया हो या सर्जरी कराई हो
- वे बच्चे जो हाल ही में वैरिसेला ज़ोस्टर वायरस (चिकन पॉक्स) से संक्रमित हुए हों
- वे बच्चे जिन्हें हाल ही में इंफ़्लुएंजा संक्रमण हुआ हो
- वे बच्चे जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो (जो स्टेरॉयड ले रहे हों या कीमोथेरेपी करवा रहे हों)
- एबोरिजनल और/या टोरस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चे
- इनवेसिव Strep A संक्रमण से ग्रस्त व्यक्ति के परिजन या घर-परिवार के संपर्क

### Strep A संक्रमण की रोकथाम कैसे की जाती है?

निम्नलिख कदम उठाकर Strep A संक्रमण की रोकथाम की जा सकती है:

- निम्नलिख कदम उठाकर Strep A संक्रमण की रोकथाम की जा सकती है:
- साबुन और पानी के साथ बार-बार हाथ धोकर
- घावों के भरने तक उन्हें साफ रखकर और ढककर
- यदि आपकी संतान अस्वसथ हो जाती है और पिछले 30 दिनों में Strep A संक्रमण वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में रही है, तो चिकित्सीय सलाह लेकर और इलाज करवाकर
- यदि आपकी संतान के गले में खराश है या उसकी त्वचा में घाव हैं, तो चिकित्सीय सलाह लेकर और इलाज करवाकर: यह एबोरिजनल और टोरस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्तियों के लिए विशेषकर महत्वपूर्ण है
- चिकन पॉक्स और इंफ़्लुएंजा के लिए टीकाकरणों के साथ अप-टु-डेट रहने से Strep A संक्रमण का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है

### क्या कोई वैक्सीन (टीका) है?

Strep A संक्रमण की रोकथाम करने के लिए वर्तमान में कोई वैक्सीन नहीं है। परन्तु, वैक्सीन की पहचान करने के लिए अनुसंधान जारी है।

## संसाधन तथा और अधिक जानकारी


Invasive group A streptococcal (iGAS) disease – Communicable Diseases Factsheet. NSW Health. https://www.health.nsw.gov.au/Infectious/factsheets/Pages/Invasive-group-A-streptococcus.aspx

Safety Alert 001/23. Clinician Alert – Invasive group A streptococcal disease. https://www.health.nsw.gov.au/sabs/Documents/2023-sa-001.pdf

Invasive group A streptococcal disease – NSW Control Guidelines for Public Health Units. NSW Health https://www.health.nsw.gov.au/Infectious/controlguideline/Pages/invasive-group-a-strep.aspx

Invasive group A streptococcal infections in children. https://www.uptodate.com.acs.hcn.com.au/contents/invasive-group-a-streptococcal-infections-in-children

Murdoch children's research institute. Streptococcus A. https://www.mcri.edu.au/impact/a-z-child-adolescent-health/s/streptococcus-a


© Sydney Children's Hospitals Network.